**U.P.POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED**
**उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
**CIN-U40101UP2004SGC028687**
**GSTIN-09AACU8823E1Z9**

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**ELECTRICITY TRANSMISSION CIRCLE**
**220 KV SUB-STATION, TINDWARI ROAD**
**BANDA (U.P.) - 210001**
E-mail:- seetcbanda@gmail.com

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत पारेषण मण्डल,**
**220 के0वी0 उपकेन्द्र, तिन्दवारी रोड,**
**बाँदा (उ0प्र0)–210001**
E-mail:- seetcbanda@gmail.com

संख्या–502/ई0टी0सी0बी0/टी–2 दिनांक–27.08.2022

विषयः– ई–निविदा सं0 टी0–07, 08, 09, 10 एवं 11 का प्रकाशन।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला,
कानपुर।

विज्ञापन व्यवस्थापक
दा टाइम्स ऑफ इण्डिया,
लखनऊ।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक–28.08.2022 के एक अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्र के केवल एक कॉलम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथासम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रुप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

1. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में, अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉ संलग्न करते हुये भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल बाँदा को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा।
2. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी में ही किया जायें। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र का कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
3. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अद्योहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दर स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
5. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें'' का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
6. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढ़ग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।
7. विज्ञापन बिना मोनोग्राम के प्रकाशित करें।
8. उपरोक्त कार्य हेतु जो बीजक प्रस्तुत करें उस पर **UPPTCL** का **GSTIN-09AAACU8823E1Z9** अंकित होना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
9. **उपरोक्त निविदा के प्रकाशन के उपरान्त निविदा प्रकाशन शुल्क के बीजक प्रकाशन के पश्चात् 15 दिनों के अन्दर सम्बन्धित मण्डल में मूलरूप में जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में यदि भुगतान नही किया जाता तो मण्डल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

संलग्नः– विज्ञापन सामग्री दो प्रतियों में।

अधीक्षण अभियन्ता
वि0पा0म0,बाँदा
Superintending Engineer
Electy. Transmission Circle
U.P. Power Transmission Corp. Ltd.
BANDA

संख्या–502/ई0टी0सी0बी0/टी–2 दिनांक–27.08.2022

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. उपमहाप्रबन्धक लेखा, (पारेषण दक्षिण मध्य) उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, झाँसी।
2. नोटिस बोर्ड।

अधीक्षण अभियन्ता
वि0पा0म0,बाँदा
Superintending Engineer
Electy. Transmission Circle
U.P. Power Transmission Corp. Ltd.
BANDA

# उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0

## ई–निविदा आंमत्रण सूचना

अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं से निम्न कार्यो हेतु ई–निविदायें आंमत्रित की जाती हैं। आंमत्रित निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें यथा :– निविदा शुल्क, धरोहर राशि, निविदा आमंत्रित करने की तिथि/समय, निविदा खुलने की तिथि/समय, आवश्यक नियम व शर्ते इत्यादि ई–टेण्टर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगीं। अन्य किसी प्रकार के संशोधन/तिथि विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक वेबसाइड पर लॉगिन करें।

**ई–निविदा सं0–टी0–07/वि0पा0म0बाँ0/2022–23,** 132 के0वी0 बाँदा–अतर्रा (ओल्ड) लाइन में सुदृढ़ीकरण सम्बन्धित सभी कार्य।

**ई–निविदा सं0–टी0–08/वि0पा0म0बाँ0/2022–23,** 132 के0वी0 उपकेन्द्र पैलानी पर 01 अदद् 132 के0वी0 'बे' के इरेक्शन सम्बन्धी कार्य।

**ई–निविदा सं0–टी0–09/वि0पा0म0बाँ0/2022–23,** 132 के0वी0 उपकेन्द्र पैलानी पर वाटर पाइप लाइन बिछाने सम्बन्धी कार्य।

**ई–निविदा सं0–टी0–10/वि0पा0म0बाँ0/2022–23,** 132 के0वी0 उपकेन्द्र पैलानी पर ए0सी0 पावर क्यूबिकल की आपूर्ति व स्थापना सम्बन्धी कार्य।

**ई–निविदा सं0–टी0–11/वि0पा0म0बाँ0/2022–23,** 220 के0वी0 उपकेन्द्र पहाड़ी (चित्रकूट) पर तेल रिसाव रोकने एवं पेन्टिंग सम्बन्धी कार्य।

**ई–टेण्डर की वेबसाइट पर उपरोक्त निविदायें निर्धारित तिथि/समय तक ही अपलोडेड ही की जा सकेगीं।**

27/8/2022

**अधीक्षण अभियन्ता**

**वि0पा0म0 बाँदा**

Superintending Engineer
Electy. Transmission Circle
U.P. Power Transmission Corp. Ltd.
BANDA

"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"।

साधारण/सी0एफ0एल0 बल्ब के स्थान पर एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें।